खबर संक्षेप

## कक्षा 5 व 8 की वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24 परीक्षा परिणाम उपरांत पुनर्मूल्यांकन हेतु प्रक्रिया

**मण्डला।** प्रदेश की समस्त शासकीय मान्यता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं एवं मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 5 व 8 के छात्रों की वार्षिक मुख्य परीक्षा सत्र 2023-24 के परिणाम की घोषणा 23 अप्रैल 2024 को की जा चुकी है। इस संबंध में जिला शिक्षा केन्द्र के एपीसी शेषमणी गौतम ने बताया कि परीक्षा परिणाम उपरांत, वार्षिक लिखित परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने के बावजूद भी मूल्यांकन केन्द्र द्वारा अनुपस्थित दर्शाये जाने के कारण अनुत्तीर्ण घोषित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा पोर्टल पर पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान किया गया है। पुनर्मूल्यांकन के लिए विद्यालय तोउचण्पद पोर्टल पर लॉगिन कर पुनर्मूल्यांकन विंडो को ओपन कर कक्षा 5/8 का चयन करें। कक्षा चयन उपरांत चयनित कक्षा में उस विद्यालय के सभी अनुत्तीर्ण छात्रों की सूची प्रदर्शित होगी। प्रदर्शित सूची में से जिन छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराया जाना है, उनका छात्रवार चयन किया जाएगा। तदुपरांत जिन विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन किया जाना है, उनका चयन करते हुए आवेदन को सबमिट किया जाए। परीक्षा पोर्टल पर एक छात्र हेतु पुनर्मूल्यांकन का आवेदन जमा करने का केवल एक ही अवसर उपलब्ध होगा। प्रथम बार में ही छात्र के पुनर्मूल्यांकित किए जाने वाले विषयों का सावधानीपूर्वक चयन कर आवेदन सबमिट किया जाए। संस्था/विद्यालय द्वारा उपरोक्तानुसार आवेदन सबमिट करते ही सभी आवेदनों की सूची संबंधित बी.आर.सी.सी. मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी तथा सहायक मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी के यूजर आई.डी. पर प्रदर्शित होगी। उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन हेतु संस्था/विद्यालय द्वारा परीक्षा पोर्टल पर 13 मई 2024 तक आवेदन सबमिट किए जा सकेंगे। 13 मई 2024 रात्रि 12 बजे के उपरांत यह सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। बी.आर.सी.सी., मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी एवं सहायक मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही में संबंधित मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी/सहायक मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी द्वारा उपरोक्तानुसार प्रदर्शित परीक्षार्थियों की कक्षावार एवं विषयवार उत्तरपुस्तिकाओं के पैकेट बी.आर.सी.सी. को 15 मई 2024 तक उपलब्ध कराए जाएं। बी.आर.सी.सी. द्वारा समस्त उत्तरपुस्तिकाएं कक्षावार एवं विषयवार व्यवस्थित कर जिला परियोजना समन्वयक को 16 मई 2024 तक उपलब्ध कराई जाएगी। जिला परियोजना समन्वयक एवं प्राचार्य डाईट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही में उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक एवं प्राचार्य डाईट के समन्वयन से 22 मई 2024 तक पूर्ण कराई जाए।

## शुभ योग में किया गया दान, पुण्य रहता है अक्षय

# शताब्दी बाद अक्षय तृतीया पर गजकेसरी राजयोग

* अक्षय तृतीया पर शुभ और मांगलिक कार्य करने की परंपरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। जिससे अच्छे स्वास्थ्य के साथ ही शुभ फल की प्राप्ति भी संभव है। पुराणों में उल्लेख है कि अक्षय तृतीया सभी पापों का नाश करने वाली एवं सभी सुखों को प्रदान करने वाली तिथि है। पंडित विजयानंद शास्त्री ने बताया कि इस दिन किया गया दान-पुण्य अक्षय रहता है वो कभी नष्ट नहीं होता। इस दिन बिना मुहूर्त के विवाह भी संपन्न होते है, वैसे तो इस दिन कोई भी व्यक्ति अपनी भावना और श्रृद्धा के अनुसार कुछ भी दान करके पुण्य लाभ कमा सकता है, लेकिन ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि आप अपनी राशि के अनुसार अक्षय तृतीया पर दान पुण्य और पूजा पाठ करें तो आपकी सभी मनोकामनाएं शीघ्र पूरी होती है।

जानकारी अनुसार आज वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 10 मई को अक्षय तृतीया का त्यौहार मनाया जाएगा। सभी तिथियों में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की इस तिथि का विशेष महत्व होता है क्योंकि यह एक अबूझ मुहूर्त की तिथि होती है। यानी अक्षय तृतीया के दिन बिना ज्योतिषी या विद्वान पंडित से चर्चा के कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य किया जा सकता है। पौराणिक महत्व के अनुसार अक्षय तृतीया का विशेष स्थान होता है। माना जाता है कि इस दिन किए गए किसी भी शुभ काम का फल कई गुना मिलता है और किए गए शुभ कार्य का कभी क्षय नहीं होता अर्थात शुभ फल जरूर मिलता है। इसी लिए इस दिन बड़ी संख्या में विवाह भी होते हैं क्योंकि मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन विवाह के लिए शुभ मूहूर्त देखने की जरूरत नहीं होती है।




### अक्षय तृतीया पर गजकेसरी राजयोग

अक्षय तृतीया पर शुभ और मांगलिक कार्य करने की परंपरा है। इसके साथ ही अक्षय तृतीया पर सोना, चांदी और घर की जरूरत के अन्य नए सामानों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। इस बार अक्षय तृतीया पर 100 साल बाद गजकेसरी राजयोग बनने जा रहा है। पंडित विजयानंद शास्त्री ने बताया कि गजकेसरी राजयोग को बहुत ही शुभ योग माना जाता है। यह योग तब बनता है जब गुरु और चंद्रमा की युति होती है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार गुरु और चंद्रमा के बीच में मित्रता का भाव रहता है। ऐसे में अक्षय तृतीया के दिन गजकेसरी राजयोग बनने से कुछ राशि के जातकों पर मां लक्ष्मी, चंद्रदेव और देवगुरु बृहस्पति की विशेष कृपा रहने वाली है। गजकेसरी योग के अलावा इस दिन सूर्य और चंद्रमा अपनी उच्च राशि में होंगे।

### कई शुभ योग से मिलेगा उत्तम फल

पंडित विजयानंद शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष अक्षय तृतीया पर कई शुभ योग बनने जा रहा है। अक्षय तृतीया के दिन गुरु वृषभ राशि में रहेंगे और इस दिन चंद्रमा भी इसी राशि में गोचर करेंगे जिससे गजकेसरी राजयोग बनेगा। शुक्र और बुध के मेष राशि में एक साथ विराजमान होने से कलानिधि योग और शनि स्वराशि में होंगे जिस से शश योग और चंद्रमा उच्च राशि में जिससे शशि योग बनेगा। सूर्य और शुक्र के मेष राशि में गोचर से शुक्र आदित्य राजयोग भी रहने वाला है। अक्षय तृतीया पर एक साथ इतने राजयोग के बनने के साथ वृषभ सहित 5 राशि के जातकों के लिए उत्तम फलदायी साबित होने वाला है।

### बढ़ सकती है सोने चांदी की मांग

अक्षय तृतीया को लेकर बाजारों में रौनक है। ज्वेलर्स को इस पर्व से खासी उम्मीद है। दरअसल अक्षय तृतीया पर लोग शगुन के तौर पर स्वर्ण आभूषण व सोने की खरीदारी करते हैं। इसे देखते हुए अक्षय तृतीया पर आभूषण विक्रेताओं ने पहले से ही पूरी तैयारी कर ली है। लोग मानते हैं कि अक्षय तृतीया का दिन काफी शुभ होता है। इसलिए इस दिन सोना खरीदना उचित है। वहीं दुकानदार भी अक्षय तृतीया को लेकर पहले से ही तैयार है। स्थानीय ज्वेलर्स ने बताया कि इस दिन उन्हें काफी खरीददारी की उम्मीद है। इस दिन लोग सोने के सिक्के खरीदने में भी ज्यादा उत्साह दिखाते हैं।

### अक्षय तृतीया का दिन है खास

अक्षय तृतीय के दिन ही सतयुग और त्रेतायुग का आरंभ माना जाता है। भगवान बद्रीनाथ के पट इसी दिन खुलते हैं और वृंदावन के श्री बांके बिहारीजी मंदिर में इसी दिन श्रीविग्रह के चरण-दर्शन होते हैं, अन्यथा पूरे वर्ष वस्त्रों से ढंके रहते हैं। अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का अवतार भी हुआ था। इस दिन इनकी अराधना भी की जाती है।

### होंगी शादियां ही शादियां

अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर शादियों के लिए शहर की लगभग सभी छोटी-बड़ी धर्मशाला, फार्म हाउस, मैरेज गार्डन, छोटे-बड़े होटल बुक हैं। अक्षय तृतीया पर जिले में शादियों की भारी धूम रहेगी। बड़ी संख्या में जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। लोग शादियों की तैयारियों में लगे हैं। खरीदारी भी जमकर हो रही है।

### डिजाइन, रेंज और ऑफरों की भरमार

अक्षय तृतीया में सबसे अधिक सोने-चांदी की खरीदारी करने की परंपरा है। इसे ध्यान में रख शहर के सराफा बाजार ने विशेष तैयारी की है। जिले के विभिन्न सराफा दुकानें ग्राहकों को इस अवसर पर विशेष छूट का लाभ भी दे रही हैं। अक्षय तृतीया के लिए बाजार ने भी अपनी पूरी तैयारी कर ली है। ग्राहकों को लुभाने के लिए ज्वेलर्स ऑफर्स तो लेकर आए ही हैं, गहनों के डिजाइन और रेंज की वेरायटी भी उपलब्ध है। मार्केट में लाइट वेट के गहने करीब पांच हजार की रेंज से शुरू हैं। सामान्य डिजाइन के साथ ही ज्योमेट्रिकल साइन, विभिन्न राशियों के सिंबल, देवी-देवताओं के चित्र वाले डिजाइन आदि के गहने भी मंगाए गए हैं। लाइट वेटेड ज्वेलरी में भी कई नए डिजाइन उपलब्ध हैं।

### बाल विवाह को लेकर विभाग अलर्ट

जिले में आज भी बाल विवाह पूरी तरह से रूका नहीं है आए दिन इस तरह के मामले सामने आ ही रहे हैं हालांकि विभागीय अधिकारी लगातार इसे रोकने के लिए प्रयास कर रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी ने बताया कि कुछ दिनों पहले बिछिया में बाल विवाह की सूचना मिली थी जहां पहुंचने पर पता चला कि यहां जिस लडक़े का विवाह किया जा रहा था उसकी उम्र विवाह योग्य नहीं थी जिसके चलते परिवारजनों को समझाईश दी गई।

## जुआ फड़ पर दबिश, 5 जुआरियों सहित गाड़ी व मोबाईल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 08.05.2024 को ग्राम चमरवाही में जुआ खेलने की सूचना मुखबिर से मिली उक्त जुआं फड़ पर दबीश हेतु एस.डी.ओ.पी. नैनपुर के निर्देशन में थाना प्रभारी नैनपुर बलदवे सिंह मुजाल्दा के नेतृत्व में एक टीम बनाकर जुआं फड़ पर कार्यवाही की गयी। जुआ फड़ ग्राम चमरवाही में दबिश देकर मौके पर 05 जुआरी गिरफ्तार कर कब्जे से 950/- रुपये, 52 तास के पत्ते, 03 मोटर सायकिल, 02 एनड्राईड मोबइल, एक चार पहिया वाहन स्विफ्ट डिजायर कार जप्त की गयी। आरोपियो के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में कुल नगदी 950/- रुपये एवं 04 वाहन कीमती 6,00,000 रुपये 02 एनड्राइड मोबाइल कीमती 20,000/- रुपये कुल 6,20,950 रुपये का मशरुका जाप्त किया गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी नैनपुर निरीक्षक बल्देव सिह मुजाल्दा, उनि सलमान कुरेशी, उनि के. के. विश्वकर्मा, आर सुनील, दुर्गेश, नवीन, ओमप्रकाश बघेल, प्रशांत, राजेंद्र, अक्षय शामिल रहें।




## अब तिरछे पैर के बच्चे आम बच्चों की तरह चल सकेंगे

**मण्डला।** अब तिरछे पैर के बच्चे आम बच्चों की तरह चल सकेंगे। बच्चों के माता पिता के चेहरों में खुशी आ गई है। बच्चों के माता पिता हर सप्ताह बच्चों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में जांच परीक्षण उपचार के लिए ला रहे है। यहां तिरछे पैर के बच्चों की मेपिंग की जा रही है। जिसके बाद बच्चों के तिरछे पैर सीधे हो जाएंगे। आरबीएसके जिला समन्वयक अर्जुन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है। जिससे पीड़ित बच्चे निरोगी हो और एक स्वस्थ्य समाज एवं उज्जवल भविष्य का निर्माण हो। इसी उद्देश्य से आरबीएसके अंतर्गत जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र, जिला चिकित्सालय मंडला में तिरछे पैर के बच्चों के लिए प्रत्येक गुरूवार को जिला चिकित्सालय स्थित क्लब फुट क्लीनिक में उपचार किया जा रहा है। यहां क्लब फुट के चिन्हित बच्चों का जांच परीक्षण के बाद इनकी मेपिंग की जाती है।

## किसानों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप फसलों के चयन हेतु प्रेरित करें

* समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश।

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कृषि एवं संबंधित विभागों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि किसानों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप फसल के चयन हेतु प्रेरित करें। ऐसी फसलों का चयन करें जिनमें पानी की आवश्यकता कम पड़ती है। कृषि का रकबा एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। रागी, कोदो-कुटकी एवं चिया फसल को प्रोत्साहित करें। उन्होंने खाद और बीज की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।





कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुओं के टीकाकरण की कार्यवाही लगातार जारी रखें। कुक्कुट, बकरी एवं सूकर पालन आदि में लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। फलों के उत्पादन को व्यावसायिक रूप प्रदान करें। मत्स्योत्पादन बढ़ाएं, अमृत सरोवरों में भी मछली का पालन करें। बैठक में कलेक्टर ने सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा बैंकों की वित्तीय स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में उपसंचालक कृषि मधु अली डांगी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## शस्त्र और शास्त्र की सत्ता से युक्त सर्वशक्तिमान चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम:भीष्म द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सृष्टि के कल्याण और सनातन की धर्म ध्वजा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए जाने जाते हैं भगवान श्री परशुराम स भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने, सर्व समर्थ सर्व शक्तिमान भगवान परशुराम जी के प्रागट्य दिवस के परम पुनीत अलौकिक शुभ अवसर पर जिले वासियो को शुभकामनाएं प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि धर्म रक्षा के लिए सर्व समर्थ भगवान धरती पर अवतार लेते हैं दुष्टों राक्षसों के विनाश के लिए भगवान अवतरित होते हैं, तथा इस मायारूपी संसार का माया के द्वारा ही उद्धार करते हैं द्य भगवान परशुराम श्रीहरि विष्णु जी के अवतार है। अर्थात श्रीहरि ही परशुराम के रूप में धरती पर अवतरित हुए। भगवान परशुराम शिव जी के उपासक साधक है। परशुराम जी अखिलकोटी ब्रम्हांड स्वामी शिवजी की कृपा वा शक्ति से सुसज्जित है परिपूर्ण है। मानवता की रक्षा के लिए , धर्म की स्थापना के लिए दानवी शक्तियों का समूल नस्ट करने के लिए जगत पिता स्वयं मानव रूप में धरती पर आते है द्य जिनका उद्देश्य धरती को धर्म से युक्त करना दुष्ट ताकतों से मुक्त कर मानवीयता स्थापित करना धरती पर सत्य शक्ति का पोषण करना है। धर्म की रक्षा के लिए भगवान धरती पर अवतार लेते हैं। दुष्टों राक्षसों का विनाश करते है जो व्यक्ति धर्मानुकूल आचरण करता है श्रीहरि सदैव उसका पोषण करते है,उसे सफलता उन्नति प्रदान करते है। उनके जीवन को अपनी कृपा से युक्त कर देते है।भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी ने एक ओर जहां दुरात्माओं का समूल नाश किया वही भगवान शिव की अंनयन भक्ति कृपा तथा शिक्षा से समूचे मानव जाति का कल्याण किया भगवान परशुराम से बड़ा कोई शिक्षक नहीं हुआ, और ना महान योद्धा द्यभगवान परशुराम जहां उच्चतम आदर्शों मानबिंदुओं के संस्थापक थे वह शस्त्रधारण कर प्रजा की रक्षा करने में भी तत्पर थे द्य भगवान परशुराम एवं भगवान श्रीराम जी का संवाद जो की धनुष तोड़ने के संदर्भ में है जिससे हम सभी परिचित है भगवान परशुराम जी के प्रेरक व्यक्तित्व तथा उनके द्वारा किए गए दिव्यकार्यों से सम्पूर्ण धरा अवगत है।भगवान परशुराम का आदर्श चरित्र सभी युगों में सदा प्रासंगिक है। यद्यपि वो चिरंजीवी है। वो धरती पर ही विद्यमान है। वे यथार्थ की ओजस्वी तेजस्वी सर्व समृद्ध शिला पर सुप्रतिष्ठित हैं ,जो श्रीहरि सर्वशक्तिमान है हम सभी के मनोरथ पूर्ण करने वाले है जो सज्जनों ,संतो अपने उपासकों के लिए फूल से भी कोमल तथा दुष्ट दुरात्माओं राक्षसों अधर्मियो के लिए वज्र से भी कठोर है। -'वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि' अन्तः वृत्तियों के संवाहक हैं। मनुष्य में 'सत' और 'असत' का द्वन्द्व कॉमन है। उसके 'सत' का संवर्द्धन करने के लिए 'शास्त्र' और 'असत' का नियंत्रण करने के लिए 'शस्त्र' का विधान सभ्यता के अरूणोदय काल में किया गया। आज भी मानव चरित्र सत और असत से घिरा है, अतः युग-युगान्तर की यात्रा के बाद आज भी शास्त्र और शस्त्र की सत्ता स्वीकृत है।भगवान श्री परशुराम जी धर्म, न्याय एवं सामाजिक समानता के साक्षात विग्रह हैं। जब-जब भी समाज में सज्जन शक्ति पर अत्याचार हुआ, तब-तब भगवानश्री ने शोषण करने वाले अताताइयो को दंडित किया। पृथ्वी पर सत्य, समानता, दया, करुणा तथा न्याययुक्त धर्म की स्थापना की। सदैव लोकहित में तत्पर रहने वाले भगवान परशुराम जी की भक्ति और शक्ति से प्रशन्न भगवान शिवजी परशुराम जी से अत्यधिक प्रेम स्नेह करते थे। श्री दिवेदी ने कहा कि श्रीहरि स्वयं परशुराम है जो शिव जी के उपासक है। आप सज्जन शक्ति के पोषक है। आप सर्वशक्तिमान है। हम सबको इस पावन पुनीत अवसर पर अपने घर के देवालय में घर के पास की मंदिर में एक एक दीप जलाकर प्रभु श्री का स्मरण करके प्रभु श्री का आशीर्वाद प्राप्त करना है हम सभी को महान संत भगवान श्री परशुराम के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेते हुए समाज और राष्ट्र कल्याण में योगदान देना चाहिए।



### आज निकाली जाएगी भव्य वाहन रैली

आज भगवान परशुराम को प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जगह-जगह पूजन, हवन, भंडारा, वाहन रैली, शोभायात्रा आदि आयोजन होंगे। आज माहिष्मती सर्व ब्राम्हण सभा द्वारा सुबह 7.30 से 8 बजे सद्भावना भवन महाराजपुर में भगवान परशुरामजी का पूजन, 9 बजे से महाराजपुर के बजरंग चौराहा से भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। यह रैली नेहरूस्मारक, बिंझिया, लालीपुर चौराहा, बसस्टेंड, चिलमन चौक, पड़ाव राममंदिर, वापस चिलमन चौक, उदय चौक, कबीर चौक से परशुरामजी मंदिर नावघाट में रैली का समापन होगा। इसके बाद 12 बजे से भगवान परशुरामजी मंदिर में भगवान का अभिषेक पूजन शुरू होगा। शाम 6 बजे से भजन संध्या और इसके बाद भगवान परशुरामजी की महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

निर्देश — राहत कार्यों में संवेदनशीलता और तीव्रता से कार्य करें-डॉ. सलोनी सिडाना।

# लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने निर्देश

* राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें। कोर वर्क पर फोकस करें तथा कार्य की प्रकृति के आधार पर प्राथमिकताएं तय करें। उन्होंने कहा कि राहत से संबंधित कार्यों में पूरी संवेदनशीलता और तीव्रता से कार्य करें। राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में निराकृत करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, हुनेन्द्र घोरमारे, समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।





कलेक्टर ने निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी मामलों में पूरी गंभीरता के साथ समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर कोर्ट में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रतिवेदनों के लिए एसडीएम व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि नामांतरण, सीमांकन और बटवारा आदि के प्रकरणों का समय पर निराकरण करें। अधिक समय से लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता प्रदान करें। सीमांकन के कार्यों में नियमानुसार रोवर अथवा टीएसएम मशीन का उपयोग करें। त्रुटिसुधार के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत करें। राजस्व वसूली के लक्ष्य की पूर्ति करें। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्वामित्व योजना, समग्र ईकेवाईसी, गिरदावरी आदि के संबंध में भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### एसडीएम करें अधीनस्थ न्यायालयों का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि समस्त एसडीएम अपने अधीनस्थ कोर्ट का निरीक्षण करते हुए प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने का प्रयास करें। अपने स्तर पर समीक्षा करें। प्रकरणों में सुनवाई के लिए तारीख बहुत लम्बी न दें। बटवारा एवं सीमांकन आदि की रिपोर्ट मौके पर जाकर ही तैयार करें। राजस्व न्यायालयों से जारी होने वाले आदेशों को संबंधित पोर्टल पर अपलोड करते हुए उन पर अमल कराना सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### घर के हिस्सेदारी की बात को लेकर देवर ने भाभी से की मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि

उसके पति ने पैत्रिक मकान को छोड़कर अलग प्लाट में मकान बनाकर रह रहा है। वही दूसरी ओर पैत्रिक मकान के हिस्से की बात पर से ससुर थम्मन राजपूत व देवर शैलेन्द्र राजपूत से करीब 4 साल से विवाद चल रहा है । इसी के चलते बीते हुये दिवस मकान मैं हिस्सा की बात को लेकर सरपंच व पंच की बैठक हुई थी जिसमें ससुर थम्मन राजपूत ने पैत्रिक मकान देने से मना कर दिया था । इसी बात को लेकर शाम प्रार्थिया का देवर शैलेन्द्र राजपूत घर के सामने आया गंदी गंदीगालिया देते ुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला काय करते हुये जांच में लिया गया है।

### शराब पीने से मना किये जाने पर पत्नी के साथ मारपीट

**गाडरवारा।** हर पत्नी को अपने पति की चिंता रहती है और उसकी लक्ष्मी उम्र के लिये ब्रत करने से नही छोड़ती है। मगर कुछ पति इस तरह से होते है कि वह उसके साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार क सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थग राम आमगांव छोटा में देखने मिली जब पत्नी द्वार पति को शराब पीने की मना की गई तो पति द्वारा अपनी ही पत्नी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम आमगांव निवासी पीड़ित पत्नि द्वारा अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके घर जब बीते हुये गुरूवार को मेहमान आये थें उसी दौरान पति अनित वर्मा शराब पीकर आये तो मेरे द्वारा इस तरह शराब पीने की बात को लेकर मना किया गया तो इसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कामय करते हुये जांच में लिया गया है।

### ताश पत्तों पर हारजीत का दांव लगाते गिरफ्तार

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पुलिस को सूचना मिली की राठी तिरहा के पास कुछ लोग जुंआ खेल रहे है। इस सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा मौके से शिवम उर्फ शुभम पिता सुरेश बंशकार निवासी हनुमान वार्ड, आमिर पिता सब्बीर खान निवासी नरंज वार्ड, राजू उर्फ राजेन्द्र पिता पन्ना ला साहू निवासी विवेकानंद वार्ड, आरिफ अन्सारी पिता इस्माइल अन्सारी निवासी राजीव वार्ड को जुंआ खेलते हुये रंगे हाथों पकड़कर आरोपियों के पास से ताश पत्ता सहित नगदी 820 रूपया जप्त करते हुये धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।

### बुलेरो की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के आई टी आई कालोनी निवासी परवेज पिता शेख समसुद्दीन अहमत उम्र 29 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज़ कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब वह अपनी स्कूटी से स्टेशन गया हुआ था तो वापिस आते समय बीटीआई स्कूल के पास बेलरो क्रमांक MP49 ZA-2380 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी बुलेरों को चलाते हुये टक्कर मारते हुये घायल कर दिया गया था।

**दाम्पत्य जीवन की शुरूआत करने के लिये सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है अक्ती की तिथि के चलते बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन द्वारा की जावेगी सख्त निगरानी**

# आज अक्षय तृतीया पर रहेगी सामूहिक विवाह सम्मेलनों की धूम





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** लगातार शादियों में होने वाले धन की बर्बादी व प्रदर्शन को लेकर लोगों में जागरूता देखने मिल रही है जिसके चलते अनेक समाजों द्वारा इस प्रकार से शादियों में होने वाली धन की फिजूल खर्ची को रोकने के लिए जहां सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया जाने लगा है। जिसके माध्यम से बगैर किसी खर्च की लड़की के हाथ पीले होने से उसका दाम्यपत्य जीवन शुरू हो जाता है? कुछ इसी प्रकार से प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन अक्षय तृतीया की बेला पर अधिक मात्रा में होते है। क्योंकि अक्षय तृतीया का मतलम होता है सबसे शुभ मुहुर्त। इसी के चलते लोग इस दिवस बगैर मुहुर्त देखे हुये की मांगलिक कार्यक्र संपन्न कराते है। वैसे देखा जावे तो इस वर्ष अक्षय तृतीय के मौके पर शुक्र अस्त होने के चलते साधारण तौर पर विवाह होते तो नही देखे जा रहे है। मगर दाम्यपत्य जीवन की शुरूआत करने के लिये कहा जाता है कि भले की कोई तिथि न हो फिर भी अकती के मौके पर विवाह किया जा सकता है? इसी के चलते आज अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मलेनों का आयोजन होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही इस वर्ष अक्षय तृतीया के मौके पर छह योगों का महायोग के चलते जहां अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों होने की संभावना बताई जा रही है। क्योंकि लम्बे अंतराल के बाद बन रहे इस महायोग जो शुभ फल दायक बताया जा रहा है। इसी के चलते आज 10 मई दिन शुक्रवार को अक्षय तृतीया के मौके पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों की धूम रहेगी। वही दूसरी ओर अनेक जगहों पर आयोजित होनने वाले इन सार्वजनिक विवाह सम्मेलनों सहित समाजिक सम्मेलनों पर नाबांलिग बच्चों की शादियों को रोकने के लिए प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। क्योकि शादी के लिये अक्षय तृतीया इस तरह का मुहुर्त माना जाता है कि इस मौके पर शादी करना शुभ माने जाने के कारण शादियों की धूम रहती है। इसी के चलते आज 10 मई अक्षय तृतीया के मौके पर अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा तो अनेक लोगों के घरों में मंडप लनेगे तो दूसरी ओर लोग अपने घरों में भी मिट्टी के गुडिया गुड्डो की शादी कराते कराते हुये अपने घरों में पूजन करते है। इसी के चलते अक्षय तृतीया के शुभ बेला में अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होने की खबर है? अनेक युवक, युवातियॉ विवाह के पवित्र बंधन में बॅधकर अपने दाम्यपत जीवन के नए सफर की शुरूआत करेंगे। वैसे देखा जावे तो इन दिनों विवाह के लिये मुहुर्त नही होने से शादी घर सूने पड़े है। मगर अक्षय तृतीया की शुभ बेला बगैर मुहुर्त के भी शुभ मुहुर्त बताया जाता है। इसी के चलते अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन होने की खबरे मिल रही है। वही कुछ स्थानों पर लोगों द्वारा सामजिक तौर पर भी सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जा रहे है। गौरतलब है कि हिन्दू संस्कृति में विवाह को अनिवार्य संस्कार माना गया है और यह अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहुर्त्त होने से सर्वाधिक शादियॉ होने की परम्परा रही है। इसी के चलते आज 10 मई को अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन हो सकते है। इस प्रकार से सामूहिक रूप से विवाह सम्मेलन को लेकर यह सच्चाई है कि वर्तमान भीषण महॅगाई के दौर में अब शादियों में धन के अनावश्क अपव्यय, शादियो में आडम्बर, प्रदर्शन के विरोध में लोग आवाज उठाने लगे है। जिसकी मिसाल है कि आज जहां तहां आयोजित हो रहे सामूहिक विवाह सम्मेलनों के माध्यम से देखने मिल रही है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा भी अब कन्याओं की शादियों में जिस प्रकार से सहयोग प्रदान किया जाा रहा है उसके चलते निश्चित ही गरीबों के चेहरों पर मुस्कान देखने मिल रही है। वही जहां तहां आयोजित होने वाले विवाह सम्मेलनो को देखते हुए प्रशासन द्वारा भी इन सम्मेलनों पर अपनी पैनी नजर रखे हुए है क्योंकि प्रशासन द्वारा आदेश दिया गया है कि इन सम्मेलनों की भीड़ में किसी प्रकार से बाल विवाह नही होना चाहिए जिसके चलते लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लडका की उम्र 21 वर्ष कम नही होना चाहिए यदि इस उम्र से कम उम्र का कोई जोड़ा पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। वही इस प्रकार से आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर लोगों का कहना है कि समय में आए बदलाव के साथ शादियो का परम्परागत रूप बदलना चाहिए और विवाह समारोहों के आयोजनों को तड़क भड़क से दूर रहना चाहिए। विवाहो की सादगी पर जोर देते हुए हरिभूमि से चर्चा करते हुए आमजन का कहना है कि वर्तमान स्थिति में लगातार बड़ रही महंगाई के चलते देखा जा रहा है कि विवाह समारोहों में लोग व्यर्थ में पैसा पानी की तरह बहा देते है और एक रात में अपने ऊपर कर्जा लाद लेते है। इस तरह महॅगी होती जा रही शादियो में बहुत सा धन मात्र प्रदर्शन में खर्च किया जाता है। इसलिए जरूरी है कि हर हाल में शादियो में फिजूल खर्ची पर नियंत्रण लगना चाहिए और सामाजिक लोगों द्वारा इस प्रकार से सामूहिक विवाह सम्मेलनों के माध्यम से यदि अपने बेटी बेटियों की शादी करे तो निश्चित तौर से जहां फिजूली खर्च पर अंकुश लगेगा वही दूसरी ओर प्रदेश सरकार द्वारा इन सम्मेलनों को अपनी ओर से आर्थिक मदद भी की जा रही है जिसका लाभ जोड़ो को मिल रहा है। क्योंकि इस सच्चाई से इंकार नही किया जा सकता कि भड़कीले शादी समारोहों में धन के साथ खाने का भी अवव्यय होता है और शहर हो या फिर गांव जब बारातें निकालनें के दौरान अव्यवस्था फैलती है तो लोगों का अनेक प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते आज के युग में हर शख्स आर्थिक संकट झेलने विवश है। इसलिए समय का ताकाजा है कि शादियॉ सादगी के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलनों से करने से जहां धन की फिजूल खर्चे को रोका जा सकता है। वही सरकार की योजना का जोड़ो को लाभ मिलने से उनकी जिन्दगी खुशहाल बनने से नही चूक रही है। इस प्रकार शादी के दौरान फिजूली खर्च पर रोक लगाने के सामूहिक सम्मेलनों के माध्यम से ही अपने बेटी व बेटों की शादी करते हुये शासन की योजनाओं का लाभ लेने के हकदार बने। वही कुछ अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि आज बडी ही खुशी की बात है कि क्षेत्र में अनेक जगहों पर सामाजिक सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किये जा सकते है। जिसके चलते अनेक युवा अपने दाम्यपात्य जीवन की शुरूआत करेगे। मगर अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा अपनी पुरानी परम्पराओं के चलते इस प्रकार के छोटे बच्चों की शादी कर देते है जो बाल विवाह की श्रेणी में आता है और बाल विवाह करना निश्चित ही अपराध की श्रेणी में आता है। इस प्रकार से बाल विवाहों को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से सम्मेलनों पर पैनी नजर रखी जावेगी और यदि किसी जगह पर लड़की उम्र 18 वर्ष व लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के जोड़ो की शादी होते हुए पाई जाती है तो कार्यवाही की जावेगी। शासन द्वारा शादी के लिए निर्धारित की गई उम्र के अनुसार लड़की की उम्र 18 वर्ष अधिक व लड़के की उम्र 21 वर्ष से अधिक होना चाहिए। मगर लोग अपनी पुरानी परंपराओं के अनुसार कम उम्र के बच्चों की शादी कर देते है जो कानून के नजर में अपराध माना जाता है और इस प्रकार से क्षेत्र में आयोजित होने वाले सम्मेलनों पर हमारी पैनी नजर रहेगी जिससे कही भी बाल विवाह न हो पाये। इस लिए सम्मेलनों का आयोजन करने वाली समितियों से अपेक्षा है कि सम्मेलनों के माध्यम से अपने दाम्यपात्य जीवन की शुरूआत करने वाले जोड़ो की उम्र का प्रमाण पत्र जरूर साथ रखे जिससे शादी के दौरान जांच करने में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो सके।

## पुलिस द्वारा कौडिया में शराब पीकर उत्पात मचाने वालों को किया गिरफ्तार, ग्रामवासियों द्वारा ज्ञापन सौपते हुये की गई थी कार्यवाही की मांग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शराब पीकर सार्वजनिक स्थलों पर आमजन के लिये परेशान करने की सच्चाई बीते हुये बुधवार की रात समीपस्थ ग्राम कौड़िया में उस समय देखने मिली जब गांव के की कुछ युवाओं द्वारा सार्वजनिक स्थल पर खुलेआम शराब के नशे में उत्पात मचाते हुये देखे जा रहे थें। इस तरह युवाओं की मनमानी की सच्चाई जहां शोसल मीडिया पर वायरल होने के चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तुरंत पुलिस को मौके पर पहुंचाते गई तो उत्पात मचाने वाले मौके से गायब हो गई थे और कुछ संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में भी लिये जाने की खबर है? वही दूसरी ओर इस तरह बाजार मुहल्ला में उत्पात मचाये जाने की बात को लेकर ग्रामवासियों द्वारा दूसरे दिन यानि की शुक्रवार को कार्यवाही करने की मांग करते हुये ज्ञापन सौपा गया था। वही दूसरी ओर जिला अधीक्षक महोदय अमित कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया द्वारा जिले कानून व्यवस्था बनाए रखने,यातायात नियमों का पालन करने एवं लोक शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु उप पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है । इसी के चलते बीते हुये शुक्रवार को पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम कौड़िया तरफ से दो मोटर



साईकल को लहराते व लड़खड़ाते तेज रफ्तार खतरनाक तरीके से बिना हेलमेट वाहन चलाते गाडरवारा के महाकाल तिराहा तरफ आ रहे मोटरसाईकल चालकों को पुलिस टीम द्वारा रोका गया। वही इन लोगों के मुंह से शराब की तीव्र गंध आ रही थी। जब पुलिस द्वारा इन लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होने ने अपने नाम व पता पूछने पर बताया जिसमें तरूण पिता शारदा प्रसाद जाटव उम्र 25 साल एवं रामकुमार पिता गोपाल प्रसाद जाटव उम्र 25 साल दोनों निवासी जाटव मोहल्ला कौड़िया जिसके चलते उक्त व्यक्तियों की बजाज प्लेटीना मोटरसाईकलें जिनमें रजिस्ट्रेशन नंबर क्रमशः **MP**49**MG**0882 एवं **MP**49**MT**5395 लेख होना पाया गया। इस प्रकार से पुलिस द्वारा मोटर चैकिंग पंचनामा तैयार कर इन युवका का शासकीय अस्पताल गाडरवारा से मेडीकल परीक्षण कराया गया जो डॉक्टर द्वारा उक्त अनावेदक के मुँह से अल्कोहल की गंध आना तथा सही तरीके से चलने में असमर्थ होना लेख किया है । वही शराब के नशें में धुत्त होकर बाइक चला रहे इन यवकों से जब पुलिस द्वारा वाहन के कागजात पूछे गये तो मौके पर नही होने के कारण पुलिस द्वारा इन अनावेदकगण का कृत्य अपराध धारा 185,184,112/183(1),129/194(**D**),130(3)/177 मो.व्ही.एक्ट का पाया जाने से मौके पर समक्ष गवाहान के चालक तरूण पिता शारदा प्रसाद जाटव उम्र 25 साल एवं रामकुमार पिता गोपाल प्रसाद जाटव उम्र 25 साल दोनों निवासी जाटव मोहल्ला कौड़िया के कब्जे से मोटरसाईकलें जप्त करने के साथ मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं में इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया । इसी दौरान थाना गाडरवारा में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कौड़िया में दो व्यक्ति आमजनों के साथ गाली-गलौच कर उत्पात कर रहे हैं । सूचना तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा बस स्टैंड के पास कौड़िया जाकर देखा तो दो व्यक्ति गाली-गलौच कर रहे है,बोल रहे थे कि हमारी थाने में रिपोर्ट किसने किया है उसे देख लेंगे कहकर गाली गुप्तार कर मारने पीटने को अमादा हो रहे थे । जिनसे आने-जाने वाले लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी थी। वही लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा था । मौके पर इन युवकों को पकडकर नाम पता पूछा गया तो उनके द्वारा अपना नाम क्रमशः तरूण पिता शारदा प्रसाद जाटव उम्र 25 साल एवं रामकुमार पिता गोपाल प्रसाद जाटव उम्र 25 साल दोनों निवासी जाटव मोहल्ला कौड़िया थाना का होना बताये । इन युवकों को पुलिस टीम व लोगों की मदद से समझाने का प्रयास किया गया। परंतु किसी की बात न मानकर और अधिक उत्तेजित होकर मरने-मारने को तैयार हो रहे थे ।जिसके चलते अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना के चलते पुलिस के लिये रिफ्तारी के अलावा अन्य कोई उपाय न होने व शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं संज्ञेय अपराध की रोकथाम हेतु मौके पर मौजूद लोगों के समक्ष से गिरफ्तार किया गया। इस तरह सार्वजनिक स्थल पर उत्पात मचाने वालों के विरूद्ध धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत इस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है । जहां से न्यायालय द्वारा दोनों युवको का जेल वारंट तैयार कर केन्द्रीय जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में मुख्य रूप से उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के निर्देशन में नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के साथ सहायक उप निरीक्षक मोहन पवार, प्रधान आरक्षक हरभजन सिंह आरसे,आरक्षक बाल किशन रघुवंशी, आरक्षक मोहन चौरे की अहिम भूमिका देखने मिली।

### आज मनाया जावेगा भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भगवान विष्णु के अवतार एवं विप्र समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी का प्राकट्योत्सव आज 10 मई दिन शुक्रवार अक्षय तृतीया पर अनेक कार्यक्रमों के साथ सर्व ब्राम्हण महासभा गाडरवारा द्वारा मनाया जाएगा। बताया जाता है कि इस आयोजन को लेकर बडे स्तर पर तैयारियॉं की गई है जिसके चलते आज नगर में वाहन रैली सहित अन्य प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जावेगे।

## सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ा रहे ट्रैक्टर, कृषि कार्य की जगह अन्य कार्यों में नियम विरूद्व हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** शहर में वाहनों की अंधा धुंध रफ्तार और इनकी बढ़ती हुई संख्या से आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं। अक्सर देखा जाता है कि सड़क पर जिन वाहनों की संख्या ज्यादा होती है, उनमें से मुख्य हैं कृषि कार्यों में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर जिनका सही मायने में देखा जावे तो रजि. सिर्फ कृषि कार्य के रूप में होता है। मगर लोगों द्वारा कृषि कार्य के नाम पर पंजीयन कराते हुये उनका उपयोग पूर्ण रूप से व्यवसाय में किया जाता है। जिसमें खुलेआम नियमों को नजर अंदाज करते हुये रेत का परिवहन करने के अन्य प्रकार का माल के साथ सवारियां ढ़ोने से इन ट्रैक्टर चालकों की वजह से ज्यादातर दुर्घटनाएँ होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। क्योंकि इनमें लगी ट्राली ट्रैक्टर मालिकों की अतिरिक्त आय का जरिया बन चुकी है? बिना टैक्स अदा करे निर्विघ्न रूप से क्षेत्र की सड़को पर तेज गति से दौड़ते यह ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर हादसों का प्रमुख करण बनने से नही चुके रहे है। मगर इसके बावजूद प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हुए दौड़ने वाले इन वाहनों पर कार्यवाही करने में अक्षम सिद्ध हो रहे हैं? प्रशासन की इस लापरवाही का खामियाजा उन निरीह और बेबर नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। यह जानकर हैरत होगी कि हाईवे पर घटित अधिकांश दुर्घटनाओं के कारण ये ट्रैक्टर ट्राली ही माने जाते है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धडल्ले से सड़को पर रेत लेकर दौड़ने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों को पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मात्र उनकी रेत रायल्टी देखते हुये छोड़ देते है। जबकि रेत या फिर मिट्टी परिवहन करने वाले वाहनों का खजिन विभाग में पंजीयन होना अति आवश्यक होता है तभी वह रेत या फिर अन्य प्रकार के खनिज का परिवहन कर सकते है। मगर इसके बाद भी न तो आरटीआई विभाग द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान दिया जा रहा है और न ही पुलिस के अधिकारियों द्वारा जिसके चलते कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत इन ट्रेक्टर ट्रालियों को दो ताराधारी जिम्मेदार अधिकारी लक्ष्मी नारायण का पूजन करते हुये अभयदान प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस तरह ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र में आने वाले ट्रैक्टरों के पीछे लगी ट्राली में माल को लादने के बाद उसके ऊपर इतनी सवारियां बैठा लेते हैं कि उसे देखकर लोगों को अचंभित होना पड़ता है कि आखिर ये सवारियां बिना सहारे के कैंसे बैठती हैं? क्योंकि ट्राली में पकड़ कर बैठने का कोई साधन नहीं होता जो यात्रियों को हिलने डुलने या गिरने से बचा सके तथा कम किराये एवं घर से गंतव्य तक पहुँचने के कारण इन यात्रियों को मौत का भय भी नहीं लगता है, वही देखा जाता है कि ऊबड़ खाबड़ रास्ते एवं हिचकोले खाता हुआ ट्रैक्टर और उस पर सवार ग्रामीणों को ईश्वर का ही सहारा होता है अन्यथा ट्रैक्टर चालक को तो यह पता भी नहीं होता कि बैठे लोग किस मुसीबत को सहन कर रहे हैं, जिसमें अब ऐंसे ग्रामों की संख्या दो अंकों में ही होगी जहाँ आधुनिकता की निशानी यह कृषि यंत्र न होकर अब यह रेत, गिट्टी, मिट्टी, एंट, लोहा, विल्डिंग मटेरियल एवं अन्य सामग्रियों को ढोने वाले वाहन बन चुके हैं। जबकि सही मायाने में देखा जावे तो ट्रेक्टर का उपयोग मात्र खेती के लिए ही होता है और इसी के चलते ट्रेक्टर ही हर ट्राली पर कृषि कार्य हेतु लिखा रहता है, मगर इसके बाद भी धडल्ले से लोगों द्वारा संपूर्ण नियम कायदे कानूनो को दर किनार करते हुए इन ट्रेक्टरों का उपयोग अब खेती की जगह व्यवसाय में किया जा रहा है, इतना ही नही यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो अनेक ट्रेक्टर मालिक तो इस प्रकार से देखे जा रहे है जिनके पास खेती के नाम पर जमीन ही नही है इसके बाद भी बैकों द्वारा जहां उन्हें ट्रेक्टर लेने के लिए लोन दी जा रही है, वही दूसरी ओर आर टी आई विभाग द्वारा धडल्ले से ट्रेक्टरों का रजि. करते हुए सड़कों पर मौत का साधन प्रदान करने में देरी नही कर रहा है।

## सत्तू अमावस्या पर पुण्य सलिला माँ रेवा की महाआरती सम्पन्न का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मातु नर्मदे भक्त मंडल द्वारा विगत 26 फरवरी 2017 (सात वर्ष तीन माह) से अनवरत प्रत्येक अमावस्या को माँ रेवा की महाआरती का आयोजन मां नर्मदा जी के तट पर पहुंचकर की जा रही है। तेज बारिश का दौर चलता हो या फिर ठंड का मौसम हो मगर यह आयोजन रूकता नही है लगातार जारी रहता है। इसी के चलते गत बैशाख अमावस्या (सतुआई अमावस्या ) को समीपस्थ माँ नर्मदाजी के ककराघाट के दक्षिणतट पर महाआरती पं सत्यनारायण शर्मा के वेद मंत्रों व घंटा ध्वनियों सहित आरती की मधुर स्वरों के मध्य महाआरती का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस महाआरती की व्यवस्था राजेश्वरी एवं राघव त्रिपाठी के द्वारा की गयी। सतुआई अमावस्या के अवसर पर शान्तनु पूजन सामग्री द्वारा सभी उपस्थित भक्तों को सतुआ प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इस अवसर पर पं जयमोहन शर्मा,आर के तिनगुरिया, शिवशरण सुरवारिया, सत्यप्रकाश बसेडिया, नगेन्द्र त्रिपाठी, संदीप स्थापक, नीतेश समाधिया, शिवम शर्मा, संतोष शर्मा, आलोक शर्मा, अक्षत शर्मा, राजुल स्थापक, राघव त्रिपाठी के साथ अनेक भक्तगण मां नर्मदाजी की आरती में शामिल रहे।

## किसानों को सिंचाई के लिये मिल रही महज दो घंटे बिजली

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस बात से इंकार जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा अपने बिलों की बसूली न की जावे वह तो बिजली बिलों की बसूली करने में कोई कसर न छोड़े मगर किसानों को बिजली भी तो उपलब्ध कराई जावे बगैर बिजली दिये हुये बिलों की बसूली क्या उचित है? क्योंकि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा किसानों से बिलों की बसूली तो लगतार की जा रही है मगर उन्हें मात्र चंद घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने से वह अपनी जिन्दगी कैसे संभाल पायेगे। क्योंकि गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कौड़िया, सिहोरा, सडूमर, भौरझिर सहित आसपास के अनेक गांवों के किसानो को सिचाई के लिये महज दो घंटे बिजली ही नसीब हो रही हे इससे अंदाजा लगाया जा सकता हे की किसान कैसे अपनी फसलो की सिचाई कर पाते होगे इन ग्रामो के किसानो का कहना हे की उनके क्षेत्र की बिजली सफलाई जोड़ी गयी हे जो काफी लम्बी दुरी तय करती है जिसमें आये दिन खराबी होने के कारण बंद होने के बाद सुधार नही हो पाता है। वही बताया गया हे की रात में बमुश्किल दो घंटे ही सिचाई के लिये बिजली मिल पाती हे जिससे खेत की एक शिफ्ट भी पूरी तरह से सिचाई नही हो पाती है जिसके चलते खेतो में खड़ी हुई मूंक फसल खराब होने से नही बच पा रही है। यहां के अनेक किसानो ने अपनी जानकारी में बताया की दिन में भी इसी तरह के हालात बनते है कि दिन के समय अधिकतर बिजली की कटोती कही मेन्टेनेस के नाम पर तो कही लाइन खराब होने का बहाना बनाकर काटी जाती है। क्योकि इस समय देखा जावे तो किसानों के खेतो में जहां मूंग फसल लगी हुई तो अनेक किसानों ने अन्य प्रकार की फसलों की बोनी कर दी गई है जिसे इस समय पड़ रही गर्मी के दौरान सिंचाई की जरूरत है मगर किसानों को मात्र चंद घंटे ही बिजली उपलब्ध होने से फसले खराब होते हुये नजर आने लगी है। इस तरह अनेक गांवों में बोल्टेज की समस्या के चलते किसानों के नलकूपों की मोटरे ही नही चल पा रही है अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि किसान अपने खेतों की सिंचाई कैसे कर पायेगे। जबकि देखा जावे तो बिजली विभाग द्वारा जिन किसानों के बिल बकाया है उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुये उनकी कुर्की करने में कोई कसर नही छोड रहा है तो दूसरी ओर यदि बिल जमा करने में एक दिन की देरी हो जाती है तो पेनाल्टी के साथ बसूली की जाती है मगर जब बिजली विभाग द्वारा निर्धारित मात्रा में बिजली उपलब्ध कराये जाने में बरती जा रही कताही के बाद भी बिजली विभाग पर कार्यवाही क्यों नही होती है?

## अज्ञात कारणों के चलते मकान में लगी आग बकरी सहित जरूरी सामग्री जलकर हुई खाक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कब किस व्यक्ति के समाने कौन से परेशानी खड़ी हो जावे किसी को पता नही रहता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हे दिवस समीपस्थ ग्राम बिछुआ गांव में देखने मिली जहां पर आगजनी की घटना में एक गरीब का सबकुछ जलकर खाक होने से नही बच पाया है। बताया जाता है कि विकासखंड साईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिछुआ में बीते हुये दिवस वही के रहने वाले मेहत लाल यादव के मकान में अचानक अज्ञात कारण के चलते आग लग गई जिससे घर के अंदर बंधी हुई चार बकरी जलकर खत्म हो गई l इसके अलावा रखा हुआ दस क्विंटल गेहूं, अन्य राशन सामाग्री, कपड़े, मोटर पाईप तथा अन्य प्रकार का जरूरी समान जल जाने के कारण एक गरीब परेशानियों से घिर गया। बताया जाता है कि घटना के समय सभी परिजन पेड़ों के नीचे घर के बाहर थे । इस घटना में एक गरीब को हजारों का नुकसान हुआ है । वही घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर ग्राम कोटवार सहित पटवारी द्वारा पंचनामा तैयार करते हुये आगे की काय्रवाही हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है।



**गुमशुदा की तलाश**



**सोमजी लोधी**

सोमजी पिता नन्हेवीर लोधी उम्र 64 वर्ष निवासी - ग्राम सहावन, रेल्वे स्टेशन सालीचौका थाना-गाडरवारा, पुलिस चौकी सालीचौका, जो 13 अप्रैल 2024 को अपने घर से बिना बताये की चले गये है जो आज तक वापिस नही आये है और न ही कोई पता चला है। गुम व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त है और बहुत ही बात करते है। गुम होने की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी सालीचौका द्वारा गुम इंसान का मामला कायम करते हुये जांच तलाश की जा रही है। हुलिया- कद 5 फुट, रंग- गेंहुआ नोट-किसी भी व्यक्ति को गुमशुदा का पता चलने पर सूचित करे, जानकारी देने वाले को उचित ईनाम दिया जावेगा। सूचना देने के लिये

**संपर्क**

**9399966326, 6264075990**

**खबर संक्षेप**

## युवक हुआ ठगी का शिकार



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम निघोरी का राम भगत पिता सोहन सिंह धुर्वे उम्र 22 वर्ष द्वारा पुलिस थाना समनापुर में आवेदन देकर जानकारी दी गई कि 8 मई बुधवार को लगभग 3 बजे दिन में एक अज्ञात व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 52 एमडी 4715 से उनके घर पहुंचा और कहा कि वह जीसीबी चलता हैं। और उसके पास लगभग 130 लीटर डीजल हैं। जिसे आप ले लो राम भगत तैयार हो गया, तब अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि उसकी बाइक में पेट्रोल नहीं हैं। फिर राम भगत अपनी स्वयं की बाइक पल्सर 125 एमपी 20 जेडएम 4561 लेकर गया। अज्ञात व्यक्ति ने पल्सर लेकर अपने साथी को लाने को कह कर ले गया। जोकि दूसरे दिन गुरुवार 9 मई तक वापस नहीं आया। तब राम भगत द्वारा गुरुवार को समनापुर थाना में आवेदन देकर सूचना दिया। इस प्रकार युवक ठगी का शिकार बन गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से वृद्ध की मौत



**अमरपुर।** पुलिस चैकी अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम चारपानी निवासी फुंदी लाल पिता रोना गौंड उम्र 75 वर्ष घर के पास ही एक पेड़ के नीचे पहुंचा कि अचानक मौसम परिवर्तन हुआ और तेज बारिश के साथ बिजली गिरने से चपेट में आया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रात्रि में घर नहीं पहुंचने पर सुबह से परिजन तलाश करते हुए शव देख पुलिस चैकी अमरपुर में सूचना दी गई। सूचना पर चैकी प्रभारी अतुल हरदहा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच पंचनामा तैयार कर शव परीक्षण हेतु भेजा गया। शव परीक्षण उपरांत अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपा गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## परशुराम जन्मोत्सव को लेकर शिव सागरधाम में बैठक संपन्न

**कोतमा।** भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ शुक्रवार को मनाई जाएगी। पुरानी बस्ती शिव सागर धाम मंदिर में दोपहर 3 बजे से भगवान परशुराम का पूजन कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। शाम 5 बजे से शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्ग में भ्रमण करते हुए वापस शिवसागर धाम मंदिर पहुंचेगी। शाम 7:30 बजे से शिव सागर धाम मंदिर में भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। रात्रि 9 बजे से मंदिर परिसर में अक्षय तृतीया के अवसर पर गुड्डा गुड़ियों का विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। सर्व ब्राह्मण समाज ने सभी विप्र बंधुओ से समय पर शिवसागर धाम मंदिर पहुंचकर सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए भगवान परशुराम के शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है। कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 10 कुदरी टोला निवासी बड़ी बहन चित्रा ने गुरुवार को थाने में शिकायत दर्ज करवाई की उसकी छोटी बहन रागिनी कोल 19 बर्ष बुधवार को दोपहर में घर से बाजार जाने को कह कर गई थी लेकिन वापस नहीं आई। काफी पता तलाश करने के बाद कहीं पता नहीं चला।

## लकड़ी के अवैध परिवहन पर वन विभाग ने जप्त किया वाहन

**कोतमा।** अवैध उत्खनन परिवहन एवं अवैध वनअपराधो पर लगाम लगाने वन विभाग के द्वारा अभियान चलाते हुए कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत एस टी एफ टीम दक्षिण शहडोल एवं वनपरिक्षेत्र कोतमा की संयुक्त टीम द्वारा वनपरिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत बीट सकोला की रात्रिकालीन गस्ती के दौरान 8-9 अप्रैल की दरमियानी रात को एक नीलगिरी लकडी लोड वाहन अवैध परिवहन करने के दौरान पकडा गया है।

### 5 दिन से विद्युत सप्लाई बंद, मरीज परेशान

# स्वास्थ्य केंद्र सरवाही में टॉर्च की रोशनी के सहारे करा रहे प्रसव

**रात के अंधेरे में मोबाइल की टॉर्च से कराई गई तीन डिलीवरी**

जिले में विद्युत विभाग की अघोषित कटौती और लापरवाही व मनमानी हावी हैं जिससे आमजनों की जन जीवन प्रभावित हो रही हैं।

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**



विभाग के द्वारा लगातार मेंटनेंस के नाम पर कटौती के बाद भी लापरवाही पूर्वक काम के चलते पूरे तहसील क्षेत्र में लाईट की आपूर्ति बाधित हो रही है। पिछले 48 घंटे से बजाग क्षेत्र के अनेक गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित है। एक एक फीडर से 10-10 गांव के कनेक्शन है,यदि एक घर की लाइट बंद हो तो पूरे दस गांव प्रभावित होते हैं।

आश्चर्यजनक तो यह है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवाही में विगत पांच दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे ग्रामीणों को अस्पताल में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रात के अंधेरे में टॉर्च की रोशनी से सहारे नर्स महिलाओं की प्रसव करा रहे हैं । सूत्र बताते हैं कि विगत दिवस 3 जचकी माताओं की डिलेवरी रात के अंधेरे में कराई गई है, वहीं अनेक भर्ती मरीज रात भर अंधेरे में पड़े हुए हैं। इस तरह की मनमानी से ग्रामीणों ने 2 सीएम हेल्पलाइन भी लगाई है, ज्ञात हो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवाही 20 साल से सेवा दे रहा है जहां प्रतिदिन दर्जनों मरीज इलाज के लिए आते हैं और बीस साल से बिजली की आपूर्ति होती आ रही है पर इसमें बिजलीकरण नहीं किया गया है। प्रशासन और शासकीय नुमांइदों की लापरवाही कहें या मनमानी कि आज तक बिजली का कनेक्शन नहीं किया गया है। वहीं मजे की बात यह है कि बिजली विभाग के अधिकारी इतने वर्षों तक मद मस्त सोते रहे हैं, किसी गरीब को एक महिने के बिल ना देने में लाइट कनेक्शन काट देने वाले बिजली विभाग के आलाधिकारी इतने वर्षों तक सोते रहे वहीं आज ऐसा जागे की जब बिजली विभाग की खामियां लगातार सामने आई तब कनेक्शन ना होने का हवाला देते है, 20 साल से धृतराष्ट्र बना बिजली विभाग ऐसा जागा कि गरीब मरीजों की समस्याओं और बीमारी पर जो भर्ती कराया गया है उनको अंधेरे में रहना पड़ रहा है। बिजली विभाग कहता है अवैध रूप से लाइट जलाई गई है तो बिजली विभाग इतने वर्षों से अवैध कनेक्शन को सह दे रहा था। अब वर्तमान स्थिति यह है कि लाइट ना रहने की वजह से पूरी स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो रही है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशासनिक अमले को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द तथा उचित और यथा शीघ्र व्यवस्था कराई जानी चाहिए जिससे मरीजों को बिजली से चल रहे उपकरण का लाभ मिल सके, बिजली से अनेक उपकरण मरीजों के लिए आवश्यक होते हैं यदि खुदा ना खांसता वर्तमान समय में कोई ऐसा मरीज आया तो इसका जिम्मेदार कौन होग।

## बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम विवाह हेतु लड़के की उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए

**डिंडौरी।**

कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार एसडीएम शहपुरा अनुराग सिंह ने बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम एवं निगरानी हेतु दल गठित किए गए हैं। उक्त दल जारी निर्देशानुसार आयोजनों में सेवायें देने वाले सेवा प्रदाताओं, कोर ग्रुप के सदस्यों, जन प्रतिनिधियों, अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कार्यशालाओं एवं अन्य प्रचार-प्रसार के माध्यमों से संवेदीकरण कर बाल-विवाह में सेवाएंध्सहयोग न देने की अपील करेगी। अंतर्विभागीय समन्वय कर विवाह मुहूर्ती के अवसर पर बाल विवाह न करने का परामर्श दिया जाए। इसके लिए खंड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर उनके दूरभाष नं. एवं चाइल्ड लाइन नं. 1098 महिला हेल्प लाइन 181 या पुलिस के 100 नं. का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। आंगनवाड़ी स्तर पर 18 वर्ष की कम उम्र की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालकों की जानकारी एकत्रित कर सूची तैयार कर जिला स्तर के दल को भेजेगा। निगरानी दल सामूहिक विवाह स्थल में "वर-वधू" के उम्र संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण करेगा। एसडीएम ने बताया कि उम्र संबंधी दस्तावेजों में जन्म प्रमाण-पत्र, स्कूल की अंकसूची, आंगनवाड़ी केन्द्र का रिकार्ड ही मान्य होगा। दल प्रिंटिंग प्रेस में मुदित की जा रही विवाह पत्रिका में वर-वधू के उम्र के प्रमाण लिए गये हैं का स्पष्ट उल्लेख करने हेतु जिले के समस्त प्रिंटिंग प्रेस को निर्देशित करने की कार्यवाही करेगा। प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, केटरर, धर्मगुरु, बैन्ड वाले, ट्रांसपोर्ट एवं समाज प्रमुखों से" उम्र के प्रमाण के लिये गये हैं" का स्पष्ट उल्लेख करने हेतु जिले के समस्त प्रिंटिंग प्रेस को निर्देशित करने की कार्यवाही करेगा। उपरोक्त दल द्वारा बाल-विवाह की सूचना प्राप्त होने पर आपसी समन्वय से तत्काल प्रभावी कार्यवाही करेगा, जिसकी सूचना जिला स्तरीय समितिध्जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जिला डिण्डौरी को देगा।

# कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र के कार्यों की समीक्षा की



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर लोक सेवा केंद्र के कार्यों की समीक्षा की। उक्त बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, जिला प्रबंधक लोक सेवा केंद्र रंजीत ठाकुर सहित लोक सेवा केंद्र अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे एवं लोक सेवा केंद्रों के कार्यों के नियम व शर्तों के बारे में जानकारी लेते हुए आमजन की पेयजल व्यवस्था, वॉशरूम, वेटिंग स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि फर्जी प्रमाण-पत्रों की विशेष निगरानी रखें। ऐसे मामले आने पर जिम्मेवारों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लंबित प्रकरणों का समय पर निपटारा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र के मौजूदा स्टॉफ की जानकारी ली।

साथ ही कहा कि आवेदनों की स्थिति का अवलोकन करें और समय पर आवेदनों पर कार्यवाही करें। उन्होंने लोक सेवा केन्द्रों के अधोसंरचना का अवलोकन करने को कहा। कोई भी अधोसंरचना संबंधित मुद्दे को चिन्हित कर लें और उन्होंने लोक सेवा केन्द्रों से संबंधित समस्याओं को बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि अनैतिक तरीके से चलाए जा रहे ग्राहक सेवा केन्द्रों की जानकारी उपलब्ध कराएं जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र की सुविधाओं को जनमानस तक सुलभ रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूल के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली

**डिंडौरी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले के समस्त सीएम राइज स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। उक्त बैठक में सीएम राइज विद्यालय के समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि सर्वप्रथम निर्माणाधीन स्कूलों के कार्यों की समय से पूर्ण करना है।

निर्माण के दौरान वर्तमान दौर के शिक्षा के अनुसार प्राचार्य आवश्यकतानुसार परिवर्तन करवा सकते है। जैसे स्कूलों में प्रयोगशाला निर्माण कार्य को विषय विशेषज्ञों के अनुसार बनाया जा सकता है। जिससे कि विषय की मांगों को पूरा किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल परिसर में वृक्षारोपण के लिए स्थानों का चिन्हांकन करें और बारिश के पूर्व की आवश्यक तैयारियां करें। स्कूलों के अपशिष्टों को उपयोग में लाकर उससे नवीन वस्तुओं का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन स्कूलों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें। जिसमें फायर लाइन, विद्युत लाइन आदि का प्रशिक्षण उचित रूप से किया जाए। स्कूलों की बाउंड्री उचित नियमानुसार होना चाहिए।

कलेक्टर ने पालकों के लिए व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, फर्नीचर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना के साथ-साथ हमें आगामी सत्र के लिए शिक्षा गुणवत्ता में सुधार भी करना है। जिन विद्यालयों के परीक्षा परिणाम आशानुरूप नहीं आए हैं उन्हें विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल आपस में समन्वय बनाकर एक दूसरे से बेहतर चीजों को साझा करें जिससे बच्चों की अभिक्षमता पहचानने में मदद मिलेगी। सभी स्कूलों के प्राचार्य स्कूलो के स्थायी और अतिथि शिक्षकों के शिक्षण का आकलन करें। शिक्षण के लिए नवीन पद्धतियों के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि बढ़ाए जिससे मानव संसाधन को मानव पूंजी में बदल पाना संभव हो पाएगा।

# मेकलसुता कॉलेज में छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया






**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

आज मेकलसुता कॉलेज में प्रतिभा चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न हायर सेकेण्डरी स्कूलों के 580 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें जिले के स्कूलों से 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित कर पुरस्कृत किया गया। उक्त आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए बेहतर विकल्प चुनने का अवसर प्रदान किया गया। जिसमें जिले के प्रमुख शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए बेहतर विकल्प चुनने के लिए मार्गदर्शित किया। उक्त कार्यक्रम में कॉलेज संस्थापक बद्रीप्रसाद बिलैया, मुख्य वक्ता डॉ. राजेन्द्र कुररिया, हर्ष प्रताप सिंह प्राचार्य नवोदय विद्यालय डिण्डौरी, आलोक जैन प्राचार्य शा.उ.मा.वि. रैपुरा, सनत तिवारी प्राचार्य शा.उ.मा.वि. कूंडा, जीवन लाल गवले प्राचार्य शा.उ.मा.वि. धुर्रा, श्रीवास प्राचार्य सरस्वती उ.मा.वि. डिण्डौरी, कॉलेज रजिस्ट्रॉर डॉ. प्रदीप द्विवेदी, कॉलेज प्राचार्य डॉ. बिहारी लाल द्विवेदी, उपप्राचार्य डॉ. बालस्वरूप द्विवेदी ने विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस के बारे में बताया।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति उसके सफल या असफल होने के लिए जिम्मेदार नहीं होती बल्कि विद्यार्थी की मेहनत और लगन उसे उचित स्थान दिलाती है। आपकी रूचि किस क्षेत्र में है यह आपको निर्धारित करना है और अपनी रूचि के अनुसार पाठ्यक्रम चयन करें जिससे भविष्य में रोजगार के अवसर खुल सकें। यदि आप पढ़ लिखकर एक अच्छा मुकाम हासिल करते हैं तो आप अपनी मिट्टी और संस्कृति से जुड़े रहे क्योकि आपकी सफलता में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यार्थियों को अनुशासित, संयमित और धैर्यवान रहना चाहिए, यह गुण आपको दूसरों से श्रेष्ठ बनाता है। उन्होंने कहा कि सपने वे नहीं जो आप नींद में देखते हैं बल्कि सपने वो हैं जो आपको सोने ही नहीं दें। उक्त कथन में माध्यम से विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने और उस पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान दौर में विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बनाया जा सकता है जिसमें सबसे पहला कदम आपका लक्ष्य निर्धारण करना है जिसके बाद उस लक्ष्य को पाने के लिए छोटे-छोटे लक्ष्यों की प्राप्ति करना होता है। जिससे लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग के बारे में जानकारी देते हुए विशेषज्ञों ने अपने उद्बोधन में उच्च शिक्षा विभाग की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम चयन की जानकारी प्रदान की गई तथा हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से उपस्थित प्राचार्यो को स्मृति चिन्ह देकर कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशिया खान सरस्वती ज्ञान मंदिर पुरानी डिण्डौरी, द्वितीय स्थान पुंजप्रकाश पन्या शा.उत्कृष्ट विद्यालय डिण्डौरी एवं तृतीय स्थान रामकिशोर चंदेल शा.उ.मा. विद्यालय कूंडा ने प्राप्त किया। साथ ही 17 छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा 50 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.स्वर्ण तिवारी द्वारा किया गया। कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को एक सही दिशा में भविष्य चुनने के अवसर प्राप्त हुए।

## बाल विवाह रोकथाम हेतु निगरानी दल गठित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिला प्रशासन के निर्देशन में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिला, विकासखंड, ग्राम/वार्ड स्तर पर निगरानी दल गठित की गई है। जारी आदेशानुसार जिला स्तरीय निगरान दल में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अध्यक्ष रहेंगे व पुलिस अधीक्षक डिंडौरी , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग (सचिव), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना समन्वयक, जिला समन्यवयक जन अभियान परिषद, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सदस्य रहेंगे। इसी प्रकार से ब्लॉक स्तरीय निगरानी दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समस्त अध्यक्ष रहेंगे व अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तहसीलदार (सचिव), खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास (सचिव), विकासखंड समन्यक जनअभियान परिषद, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक नेहरू युवा केन्द्र, पैरालीगल वालेंटियर विधिक सेवा, स्वैच्छिक संगठन के प्रतिनिधि सदस्य रहेंगे।

ग्राम एवं वार्ड स्तरीय निगरानी दल में सरपंच एवं वार्ड पार्षद अध्यक्ष रहेंगे व पंचायत सचित, पटवारी, शिक्षक (सचिव), आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, मातृ सहयोगी समिति (सचिव), शौर्या दल और स्व सहायता समूह की महिलाएं सदस्य होंगे। उपरोक्त दल विवाह आयोजनों में सेवायें देने वाले सेवा प्रदाताओं, कोर ग्रुप के सदस्यों, जन प्रतिनिधियों, अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कार्यशालाओं एवं अन्य प्रचार-प्रसार के नाध्यमों से संवेदीकरण कर बाल-विवाह में सेवाएंध्सहयोग न देने की अपील करेगा। अंतर्विभागीय समन्वय कर विवाह मुहूर्ती के अवसर पर बाल विवाह न करने का परामर्श देगा। जिला स्तरध्खंड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर उनके दूरभाष नं. एवं चाइल्ड लाइन नं. 1098 महिला हेल्प लाइन 181 या पुलिस के 100 नं. का प्रचार-प्रसार करेगा। आंगनवाड़ी स्तर पर 18 वर्ष की कम उम्र की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालकों की जानकारी एकत्रित कर सूची तैयार कर जिला स्तर के दल को भेजेगा। उपरोक्त दल द्वारा सामूहिक विवाह स्थल में ष वर-वधूष के उम्र संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण करेगा। यह उल्लेखनीय है कि उम्र संबंधी दस्तावेजों में जन्म प्रमाण-पत्र, स्कूल की अंकसूची, आंगनवाड़ी केन्द्र का रिकार्ड ही मान्य होगा। दल प्रिंटिंग प्रेस में मुदित की जा रही विवाह पत्रिका में वर-वधू के उम्र के प्रमाण लिए गये हैं का स्पष्ट उल्लेख करने हेतु जिले के समस्त प्रिंटिंग प्रेस को निर्देशित करने की कार्यवाही करेगा। प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, केटरर, धर्मगुरु, बैन्ड वाले, ट्रांसपोर्ट एवं समाज प्रमुखों सेष उम्र के प्रमाण के लिये गये हैंष का स्पष्ट उल्लेख करने हेतु जिले के समस्त प्रिंटिंग प्रेस को निर्देशित करने की कार्यवाही करेगा। उपरोक्त दल द्वारा बाल-विवाह की सूचना प्राप्त होने पर आपसी समन्वय से तत्काल प्रभावी कार्यवाही करेगा, जिसकी सूचना जिला स्तरीय समितिध्जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जिला डिण्डौरी को देगा।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**नरसिंहपुर** । गत दिवस झिरना के पास हुई सड़क दुर्घटना मे महिला घायल हो गई । पायलट संजय पटेल व ईएमटी पंकज चौहान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कुसुम बाई निवासी बरेला समनापुर थाना कोतवाली झिरना कुम्हडी तिराहे के पास हुई सड़क दुर्घटना मे घायल हो गई जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### महिला ने किया जहरीली दवा का सेवन

**नरसिंहपुर** । गुरूवार को महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया । पुलिस ने बताया कि ठेमी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलखेड़ी निवासी आरती लोधी पति रविंद्र लोधी उम्र 22 वर्ष में ने अज्ञात कारण के चलते अपने ही घर में जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। जिसकी परिजनों को सूचना मिलने पर उसे उपचार के लिए नरसिंहपुर जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर के द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**नरसिंहपुर** । गत दिवस महिला को खेत पर काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसकी गुरूवार को उपचार के दौरान मौत हो गई । पुलिस ने बताया कि मूंगा बाई पति रोशन धानक उम्र 60 वर्ष निवासी झामर चिनकी थाना कोतवाली को खेत मे काम करते समय मे सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर 24 घंटे उपचार के बाद महिला की मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनाम तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया

### महिला ने किया अमानक गोलियों का सेवन

**नरसिंहपुर** । गत दिवस अमानक गोली दवाईयों का सेवन करने से महिला की तबियत बिगड़ गई । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शबनम पति अमित शाह निवासी बेलापुरकर वार्ड थाना क्षेत्र कोतवाली नरसिंहपुर द्वारा अमानक दवाई का सेवन कर लिया जिसकी तबियत बिगड़ने पर परजिनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है

### अपह्त नाबालिग को पुलिस ने किया दस्तयाब

**अनूपपुर**। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंसूरी एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा डेढ़ वर्ष पूर्व ग्राम बिजोड़ी से अपहृत हुई नाबालिग बालिका को अनूपपुर से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देश पर एवं डीआई शहडोल रेंज, शहडोल सविता सोहाने के मार्गदर्शन में जिले में गुम एवं अपह्त नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 05.09.2022 को थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम बिजौडी से करीब 16 वर्षीय नाबालिग बालिका के गुम हो जाने पर अपराध क्रमांक 511/22 धारा 363 भारतीय दंड विधान के तहत अपराध दर्ज किया जाकर एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा द्वारा विवेचना की जा रही है। टी.आई. कोतवाली अरविंद जैन के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक दयावती मरावी, प्रधान आरक्षक अनिल तिवारी, आरक्षक धर्मेंद्र रावत के द्वारा उक्त नाबालिक बालिका को संतोष कुमार केवट पिता रामेश्वर प्रसाद केवट उम्र 29 साल निवासी ग्राम बिजोड़ी थाना कोतवाली अनूपपुर के कब्जे से दस्तयाब किया गया जाकर प्रकरण में धारा 366, 376, भारतीय दंड विधान, 3/4 पाक्सो एक्ट, एससीएसटी एक्ट का इजाफा किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

---

दो दिनों से संभागीय दल जांच में जुटा- शिक्षा मंत्री के गृह जिले मे बेलगाम शिक्षा विभाग

# चीचली बीईओ कार्यालय में मिला 12 लाख का झोलझाल

नरसिंहपुर

बीते दो दिनो से संभागीय कार्यालय दल द्वारा भ्रष्टाचार के मामले मे जांच की जा रही जिसमे प्रथम दिन चीचली बीईओ कार्यालय मे जांच पड़ताल करते 12 लाख रूपये की गड़बड़ी के संबंधी दस्तावेजों की जांच पड़ताल की गई । वही गुरूवार को उक्त कार्रवाई गोटेगांव मे भी जारी रही । नरसिंहपुर जिले में कहने को तो शिक्षा मंत्री का गृह जिला है, लेकिन उनके ही गृह जिले में अधीनस्थ शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का खेल उनकी ही नाक के नीचे चल रहा है। राजनैतिक सरपरस्ती में विभाग में भ्रष्टाचार एवं भ्रष्टाचारियों ने इतनी गहरी जड़े जमा ली हैं, कि उन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही का न तो कोई फर्क पड़ रहा है और न ही उन्हें कोई भय है।




### भ्रष्टाचार का बोलबाला

शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कारगुजारियां तो आये दिन सामने आ जाती है, लेकिन भ्रष्टाचार के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई आज तक होती नहीं देखी गई है। बुधवार को जहां चींचली में वित्त विभाग संभाग के अधिकारियों ने बीईओ कार्यालय में छापा मारकर लगभग 12 लाख की रकम बरामद की थी, जिसे लगभग पचास शिक्षकों के मानदेय में अतिरिक्त राशि डाली गई थी, जिसे संभागीय वित्त विभाग की जांच टीम ने पकड़ा और कार्रवाई शुरू कर दी है। वही गुरूवार को भी शरद मरावी के नेतृत्व में संभागीय दल गोटेगांव स्थित ब्लॉक एज्युकेशन आफिसर कार्यालय पहुंचा और भ्रष्टाचार संबंधी वित्तीय लेन-लेन से संबंधित की गई विभागीय गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी है।

### सामने नहीं आ सकी जानकारी

गुरूवार को सुबह 10 बजे संभागीय दल के सदस्य बीईओ कार्यालय पहुंचे और बाहर से गेट बंद कर दिया गया। जिसके बाद उन्होने कम्प्यूटर और अन्य वित्तीय लेखा सामग्रियों को खंगालना शुरू कर दिया है। इस बीच किसी को भी कार्यालय के भीतर नहीं आने दिया गया है। गोटेगांव स्थित बीईओ कार्यालय में चल रही जांच की जानकारी सामने नहीं आ पाई। परंतु कयास लगाए जा रहे है, कि पूर्व में बीईओ कार्यालय में 35 लाख का गबन सहित छात्रवृत्ति बांटने को लेकर की गई वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक दल की जांच जारी रही जिसके चलते दल द्वारा पकड़ी गई अनियमितताएं अभी तक सामने नहीं आ पाई है। समाचार लिखे जाने तक वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित संभागीय दल द्वारा की जा रही यह जांच 1 मई से जारी है।

### वित्तीय गड़बड़ियों का मामला

जिले भर में तात्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी जेएस विल्सन के कार्यकाल में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। बावजूद इसके दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, सूत्र बताते है, कि यह छापा कलेक्टर रोहित सिंह के कहने पर एसडीएम राजेश शाह ने छापा मारा था, जांच में कई वित्तीय अनियमितताओं और निलंबन बहाली का मामला सामने आया था। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई और केवल प्रभार से अलग कर दिया था। वही भ्रष्टाचार की दोषी जिला शिक्षा अधिकारी को उपकृत करते हुए डाईट नरसिंहपुर में प्रमोशन भी दे दिया गया था।

### इनका कहना है

उक्त संबंध मे जांच की जा रही है जांच के उपरांत जो भी कुछ सामने आयेगा अगले दिन ही आप सभी के साथ साझा की जायेगी। अभी जांच जारी है, अभी कुछ भी कह पाना संभव नही है ।

रोहत कौशल, संयुक्त संचालक वित्त जबलपुर संभाग

---

# आज मनाई जायेगी परशुराम जयंती , बैठक सम्पन्न

करेली

गत दिवस स्थानीय सोमबार बाजार सामुदायिक वृद्ध आश्रम में सर्व ब्राह्मण समाज सभा करेली की बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित समस्त कार्यक्रम को निरस्त किया जाए एवं सांकेतिक रूप से परशुराम जी का पूजन एवं संतों का आशीर्वाद वचन का कार्यक्रम रखा जाए बैठक में सर्वप्रथम करेली नगर के वरिष्ठ ताराचंद पारासर ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला जिसमें उन्होंने कहा की करेली नगर में मदार टेकरी मंदिर के पुजारी जी की निर्मम हत्या की गई है अतः इससे हम सभी दुखी हैं और ऐसे में हमें विस्तृत कार्यक्रम करना ठीक नहीं लगता उपस्थित सभी विप्र जनों ने अपने विचार रखे जिसमें सभी ने कहा कि प्रशासन द्वारा आज दिनांक तक पुजारी जी की हत्या का कोई सुराग नहीं पता किया गया है अतः हम इसके विरोध स्वरूप अपने समस्त कार्यक्रम निरस्त करते है और सांकेतिक रूप से परशुराम जयंती मनाएंगे एवं सभी विप्र जनों ने प्रशासन से अपील की कि हत्यारे को शीघ्र अति शीघ्र पकड़ा जाए एवं पूरे मामले का पटाक्षित किया जाए इस घटना से विप्र समाज के अलावा पूरे नगर में समस्त सनातनी समाज एवं समस्त धर्मावलंबी समाज में रोष व्याप्त है मदार टेकरी के मंदिर के पुजारी पंडित हरनारायण शर्मा की रविवार की रात्रि गला दबाकर हत्या कर दी गई थी इस हत्या को लेकर समाज के साथ साथ अन्य समाज के द्वारा भी ज्ञापन शहर और जिले में इस हत्या के विरोध में दिए गए थे उपयोग को पकड़ने को लेकर ज्ञापन दिए गए थे इनके ज्ञापनों देने के बाद भी जिला पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं करने से विप्र समाज और अन्य समाजो में रोष व्याप्त है सनातन सर्व ब्राह्मण समाज करेली के पदाधिकारी का सदस्यों के द्वारा सर्व सम्मति से यह निर्णय लिए गए ।



# जहरीली दवा के सेवन से युवक की हुई मौत

**नरसिंहपुर** । जिला अस्पताल में इन दिनों जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाले मामले अधिकांश आ रहे हैं। हर एक-दो दिन ऐसी घटनाओं में मौतों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। गुरूवार को फिर ऐसा ही मामला गाडरवारा तहसील के डोंगरगांव थाना अंतर्गत आने वाले गांव से आया। अस्पताल पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी अनुसार विजनपुर निवासी युवक भरत पिता कैलाश कौरव उम्र 24 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते अपने खेत पर जहरीली दवा का सेवन कर लिए जिससे परिजन आनन - फानन में उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए जहां कुछ घंटे उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया वहीं अस्पताल चौकी पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग प्रकरण कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौप दिया ।

---

# भाविप का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



नरसिंहपुर

गुरूवार को भारत विकास परिषद् नरसिंहपुर शाखा एवं विवेकानंद शाखा नरसिंहपुर का संयुक्त रूप से सत्र 2024 - 25 के नवीन दायित्वधारियों का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परिषद् के रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी एवं विशिष्ट अतिथि रीजनल महिला बाल विकास प्रमुख श्रीमति भारती कौरव, प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रांतीय उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से सभी सदस्यों का मार्गदर्शन किया गया। तत्पश्चात दोनों शाखाओं के अध्यक्ष शिरीष पुरोहित, श्रीमति सुनीता राजपूत, सचिव सुनील चौहान, आशीष नेमा (तुलसी), कोषाध्यक्ष कुलदीप सलूजा, डॉ ब्रजेश पटेल सहित समस्त दायित्वधारियों को प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी द्वारा शपथ दिलाई गई। दोनों शाखाओं के सभी नवीन दायित्वधारियों को परिषद परिवार द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद शाखा सचिव आशीष नेमा (तुलसी) द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण के पश्चात नए सत्र के दोनों शाखाओं के अध्यक्ष द्वारा परिषद के कार्यों को विस्तार और गति प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में परिषद परिवार के सभी वरिष्ठ कनिष्ठ सम्माननीय पदाधिकारी सदस्य एवं मातृशक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# खरीफ सीजन की तैयारियों के संबंध में बैठक

नरसिंहपुर



अनुविभाग नरसिंहपुर एवं गाडरवारा के विभागीय अमले की वर्ष 2023- 24 की आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों के संबंध में परियोजना संचालक आत्मा के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उप संचालक कृषि उमेश कटहरे ने सभी नवनियुक्त कृषि विस्तार अधिकारियों का सम्मान किया गया। उन्होंने विभागीय योजनाओं के संचालन की घटकवार विस्तृत चर्चा की। वर्ष 2023-24 ग्रीष्मकालीन लक्षित कार्यों की कृषि विस्तार अधिकारीवार समीक्षा की गई। बैठक में आदान गुणनियंत्रण, फसल कटाई प्रयोग, मिट्टी नमूना एकत्रीकरण, बायोगेस की प्रगति व प्रति कृषि विस्तार अधिकारीवार एक- एक बायोगैस के लक्ष्य दिये। हैप्पीसीडर से बोनी, ई रूपी पायलट प्रोजेक्ट, जिले में सब्जी के रकबे को बढ़ाने, गन्ना के साथ सब्जी की अंतरवर्ती खेती, प्रदर्शनों के कृषि अधिकारीवार रिकॉर्ड संधारण, प्रतिदिन भ्रमण कर देनंदिनी लिखना आदि के संबंध में चर्चा की। बैठक में विभागीय योजनाओं के लिए कृषकों के पंजीयन हेतु एमपी किसान ऐप का सभी को प्रशिक्षण दिया गया व सभी के मोबाइल पर किसान ऐप को संचालित करवाया गया। सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी द्वारा मिट्टी परीक्षण का महत्व, आवश्यक तत्वों की पौधों में उपयोगिता, अनुशंसाओ के बारे में चर्चा की। ऐप के द्वारा मिट्टी नमूना एकत्रीकरण का प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण दिया। साथ ही मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का भ्रमण कराया गया। जिले में लगभग 5 हजार हेक्टर रकबे में हैप्पीसीडर के माध्यम से मूंग की बोनी की गई है। जिले में गन्ने के साथ सब्जी वर्गीय फसलों व एकल सब्जी वर्गीय फसलों का रकबा लगभग 10 हजार हेक्टर है। योजनाओ में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कृषि विस्तार अधिकारियों की सराहना कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। आगामी खरीफ सीजन पूर्व तैयारियों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। आरकेव्हीवाय गाडरवारा अरहर प्रोजेक्ट की चर्चा करते हुए प्रोजेक्ट क्रियान्वयन की अभी से तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागीय अमले को किसानों के कल्याण व शासकीय दायित्वों का निर्वहन अनुशासन में रहते हुए पूर्ण निष्ठा व निष्पक्षता से करने की शपथ दिलाई गई। बैठक में सहायक संचालक गन्ना अभिषेक दुबे, सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी डॉ. आरएन पटेल, अनुविभागीय कृषि अधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती शिल्पी नेमा, सहायक संचालक कृषि श्रीमती सीमा डेहरिया व श्रीमती सुनीता मवासे, अनुविभागीय कृषि अधिकारी गाडरवारा श्रीमती पूजा पासी, व.कृ.वि. अधिकारी श्रीमती उषा पचौरी, समस्त विकासखंडों के सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद थे।

---

# स्वर्गीय मोनू भैया की स्मृति में हुआ आयोजन नौ दिवसीय जूनियर कबड्डी प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

नरसिंहपुर

गुरूवार को युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत, समाजसेवी स्व. मणिनागेन्द्र सिंह मोनू पटेल के प्रथम पुण्य स्मरण दिवस पर 1 अप्रैल को उनकी याद में सेवाभावी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। मणिनागेंद्र सिंह फाऊंडेशन के सचिव इंजी. सरदार सिंह पटेल के नेतृत्व में कबड्डी कोचिंग कैंप,कैरियर गाइडेंस शिविर एवं अन्य सेवा भावी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी क्रम में आने को कार्यक्रम लगातार संपन्न हुए गोटेगांव विकासखंड में परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित,धार्मिक ग्रंथ भगवत गीताशील्ड उपहार स्वरूप प्रदान, मां नर्मदा जी में साफ सफाई अभियान, वैशाख मास पर भंडारा, जरूरतमंद को जरूरी सामग्री प्रदान एवं अन्य तरह के आयोजन के साथ नेता सुभाष चंद्र बोस मिनी स्टेडियम ग्राउंड में जूनियर कबड्डी नौ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसका समापन बुधवार की शाम को हुआ।





### मिनी स्टेडियम ग्राउंड में कबड्डी कैंप का समापन

स्थानीय नेता सुभाष चंद्र बोस मिनी स्टेडियम में मणिनागेंद्र सिंह मोनू पटेल की स्मृति में नौ दिवसीय जूनियर कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हुआ। समापन में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश शामिल हुए। समर कैंप के समापन समारोह में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने सभी कबड्डी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र बांटे और इस आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं दी और कबड्डी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि गोटेगांव में कोंच नीर गुलिया कबड्डी अकैडमी सोनीपत दिल्ली के नेतृत्व में यह कबड्डी कैम्प चल रहा था जिसमें लगभग 120 खिलाड़ी शामिल हुए। मणिनाग्रेन्द्र सिंह फाऊंडेशन के सचिव इंजी. सरदार सिंह पटेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मोनू सभी के सुख-दुख के साथी थे । जरूरतमंद, असहाय लोगों की मदद करना उनका स्वभाव था। हम उनकी याद में उनके द्वारा किए गए कार्यों को निरंतर जारी रखा जायेगा।



### इनकी रही उपस्थिति

पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल विधायक महेंद्र नागेश कार्यक्रम के प्रभारी सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे, महंत पीतमपुरी, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, निधान सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष आरती सतीश पटेल, राजू राजपूत, दीपक सोनी, सचिन पाठक, श्याम नायक, डॉ जितेंद्र चौबे विशाल सिंह पटेल, संदीप विश्वकर्मा, विनोद पटेल, आदित्य पटेल राजेंद्र राय, सरपंच सुधीर पटेल सहित बड़ी संख्या में सरपंच, मणिनाग्रेन्द्र सिंह फाउंडेशन, मोनू भैया मित्र मंडली,आमजन मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन सरपंच संघ के अध्यक्ष देवदत्त पचौरी ने किया।

# बाल विवाह की सूचना देने कंट्रोल रूम स्थापित

**नरसिंहपुर** । महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह हेतु सूचना प्रदान करने के लिए वन स्टाप सेंटर नरसिंहपुर के कार्यालय में 8 मई से 10 मई तक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07792- 2350042 है। उक्त कंट्रोल रूम में बाल विवाह से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही के लिए संबंधित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को सूचित किया जायेगा। उक्त कंट्रोल रूम के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश के अनुसार पर्यवेक्षक वन स्टाप सेंटर श्रीमती शशि किरण श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे वन स्टाप सेंटर के स्टाफ की सहायता से कंट्रोल रूम का संचालन करेंगी। कंट्रोल रूम में प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक सामाजिक कार्यकर्ता डीसीपीयू अम्रता दुबे, अपरान्ह 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक सामाजिक कार्यकर्ता डीसीपीयू प्रवीण डेहरिया और रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक आउटरीच वर्कर डीसीपीयू अंकुर नेमा को कंट्रोल रूम संचालन में सहयोग के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

## अलग - अलग स्थानों पर 2 ने खाया जहर

नरसिंहपुर ।

जिला मुख्यालय के थाना क्षेत्र कोतवाली अंतर्गत दो लोगो द्वारा अलग - अलग स्थानों पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस ने बताया कि वैशाली पति शिवम ठाकुर उम्र 26 वर्ष निवासी इतवारा बाजार थाना कोतवाली द्वारा घर पर कीटनाशक का सेवन कर लिया । वही दूसरे मामले मे हरिओम पिता टीकाराम विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी झिरना थाना कोतवाली द्वारा घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । परिजनों द्वारा दोनो को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है

## करंट लगने से महिला घायल

**नरसिंहपुर** । गत दिवस घर पर काम करते समय महिला को करंट लग गया जिससे वह घायल हो गई । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यासमीन पति हफीक खान उम्र 29 वर्ष निवासी काछी मोहल्ला थाना कोतवाली नरसिंहपुर को घर पर काम करते समय विद्युत करंट लग गया जिससे वह घायल हो गई जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर महिला की तबियत मे सुधार बताया जा रहा है ।